an>

Title: Need to implement Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana at Panchayat and village level.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) : हमारी सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए कल्याणकारी "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना" का शुभारम्भ किया है। लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना" का लाभ आम लोगों की पहुंच से बाहर है। पंचायत स्तर पर लोगों को यह नहीं पता है कि यह योजना देश में चल रही है। प्रधानमंत्री सड़क योजना की तरह इस योजना को भी हमें गांव-गांव तक पहुंचाना चाहिए।

"प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना" को पंचायत स्तर पर लागू करने हेतु इस पद्धति में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। सांसदों की संस्तुति पर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के कार्य जैसे कूपों का निर्माण, जलाशयों का निर्माण आदि होने चाहिए। यदि हम इस कल्याणकारी योजना को लघु सिंचाई योजना से जोड़कर पंचायत स्तर तक ले जाएंगे, तभी लोगों को इसका लाभ पहुंचेगा। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस योजना की पद्धति में सुधार कर इसकी पहुंच पंचायत व ग्राम स्तर तक करवाने का कष्ट करें।